पुनरावृत्ति

DATE 26.8.2024
PAGE No. 1

Tender Heart School, Sec-33-B, Chd.

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनौपचारिक-पत्र)

म० नं० - 1266,
सेक्टर 22-बी,
चण्डीगढ़। पिनकोड - 160022
दिनांक - 26 अगस्त, 2024

पूजनीय चाचाजी,
सादर चरण स्पर्श।

चाचाजी! कल पिताजी का पत्र प्राप्त हुआ, जिससे ज्ञात हुआ कि आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। दो माह पूर्व जब आपको पीलिया हुआ था, तब से आपकी तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं हुई है।

दिल्ली में तापमान अधिक होने के कारण गरमी बहुत अधिक पड़ती है, लू भी बहुत चलती है। स्वस्थ लोग भी पहाड़ी स्थलों पर जा-जाकर गरमी का समय बिता रहे हैं, फिर आप तो अस्वस्थ हैं। पहाड़ी स्थलों की शीतलता आपके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। जलवायु बदल जाने से आप स्वयं को तरोताज़ा महसूस करेंगे।

पहाड़ों का प्राकृतिक सौंदर्य, झरनों का शुद्ध एवं शीतल जल, गरमी का अभाव, लू से बचाव, प्रदूषणरहित वातावरण आदि स्वास्थ्य लाभ में सहायक होंगे इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप कुछ दिन पहाड़ी स्थल पर जाकर रहें। मुझे आपके स्वास्थ्य की बहुत चिंता रहती है। आप मुझसे बहुत स्नेह करते हैं। अतः आप मेरा निवेदन अवश्य मानेंगे।
चाचीजी को मेरा सादर प्रणाम।

आपका भतीजा
राहुल भारद्वाज

(अंतिमपृष्ठ-1)

Scanned with CamScanner